संख्या–cm-453
**20/09/2025**

# मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत छात्र–छात्राओं के बैंक खाते में 2920 करोड़ रूपये डी0बी0टी0 के माध्यम से किया हस्तांतरण, 958.79 करोड़ रूपये की आधारभूत संरचनाओं से संबंधित विभिन्न योजनाओं का किया शिलान्यास एवं उद्घाटन

पटना, 20 सितम्बर 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में शिक्षा विभाग के अन्तर्गत विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत 49 लाख 9 हजार 336 लाभार्थियों के खाते में 2920 करोड़ रूपये का डी0बी0टी0 के माध्यम से हस्तांतरण किया। सरकार की इस पहल से विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की राशि का लाभ विद्यार्थियों तक सीधे पहुँचाया गया। इस राशि के अंतर्गत मुख्यमंत्री बालिका (इंटरमीडिएट उतीर्ण) प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री साइकिल योजना, मुख्यमंत्री बालिका पोशाक योजना, मुख्यमंत्री बालक पोशाक योजना, छात्रवृत्ति योजना, कन्या उत्थान योजना जैसी अनेक शैक्षिक योजनाओं के लाभ सीधे विद्यार्थियों को प्रदान किए गए।

साथ ही कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 958.79 करोड़ रूपये लागत की शिक्षा विभाग की आधारभूत संरचनाओं से संबंधित 331 योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। इसके अन्तर्गत 426.10 करोड़ की लागत से निर्मित 259 योजनाओं का उद्घाटन एवं 532.69 करोड़ की लागत से संबंधित 72 नई योजनाओं का शिलान्यास सम्मिलित है। इन योजनाओं के माध्यम से विद्यालय भवन, विज्ञान प्रयोगशाला, पुस्तकालय, कंप्यूटर कक्ष, छात्रावास, शौचालय, पेयजल आदि की सुविधा को और सुदृढ़ किया जाएगा, जिससे राज्य में शिक्षा की गुणवत्ता और पहुँच में अभूतपूर्व सुधार होगा।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि नवम्बर 2005 में सरकार बनने के बाद से ही हमलोग शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिये लगातार काम कर रहे हैं। वर्ष 2005 में शिक्षा का कुल बजट 4366 करोड़ रूपये था जो अब बढ़कर 77,690 करोड़ रूपये हो गया है। बड़ी संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति, नये विद्यालय भवनों के निर्माण एवं आधारभूत संरचनाओं के विकास से शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार हुआ है। राज्य के सभी बच्चों की गुणवतापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने कराने के लिये सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है और उस पर लगातार काम कर रही है।

कार्यक्रम के दौरान शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ0 बी0 राजेन्दर ने मुख्यमंत्री को हरित पौधा भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग पर आधारित एक लघु फिल्म प्रस्तुत की गयी।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, शिक्षा मंत्री श्री सुनील कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, विकास आयुक्त डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ0 बी0 राजेन्दर, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, राज्य परियोजना निदेशक, बिहार राज्य परियोजना परिषद श्री मयंक वड़वड़े, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, शिक्षा विभाग के सचिव श्री अजय यादव, शिक्षा विभाग के सचिव श्री दिनेश कुमार, बिहार राज्य आधारभूत

संरचना विकास निगम लिमिटेड की प्रबंध निदेशक श्रीमती इनायत खान, प्राथमिक शिक्षा की निदेशक श्रीमती साहिला सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******